भारत सरकार
भारी उद्योग और लोक उद्यम मंत्रालय
भारी उद्योग विभाग

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 3805
जिसका उत्तर मंगलवार 09 अगस्त, 2016 को दिया जाना है

भारी उद्योगों की उत्पादन क्षमता

3805. श्री लक्ष्मी नारायण यादव:

क्या भारी उद्योग और लोक उद्यम मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) विगत तीन वर्षों के दौरान भारी उद्योगों की उत्पादन क्षमता में वृद्धि के लिए सरकार द्वारा किए गए निवेश का मान कितना है;

(ख) उक्त अवधि के दौरान उक्त निवेश किए गए भारी उद्योगों का ब्यौरा क्या है; और

(ग) इसके परिणामस्वरूप इन उद्योगों की उत्पादन क्षमता में किस स्तर तक वृद्धि हुई है?

उत्तर
भारी उद्योग और लोक उद्यम राज्य मंत्री
(श्री बाबुल सुप्रियो)

(क) से (ग): उद्योग राज्य का विषय है और इसलिए, भारी उद्योगों में सरकार द्वारा किए गए निवेश से संबंधित कोई केन्द्रीकृत आंकड़ा भारी उद्योग विभाग में नहीं रखा जाता है। भारी उद्योग विभाग की भूमिका इसके प्रशासनिक नियंत्रणाधीन केन्द्रीय सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों तथा सेक्टरों तक सीमित है। तथापि, भारी उद्योग विभाग के अधीन केन्द्रीय सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों की सूची और केन्द्रीय सार्वजनिक क्षेत्र के इन उद्यमों में किए गए निवेश का ब्यौरा लोक उद्यम सर्वेक्षण 2014-15 के खंड-I में उपलब्ध है, जिसे 26 फरवरी, 2016 को संसद के दोनों सदनों के पटल पर पहले ही रखा जा चुका है।

****